# जिला एवं सेशन न्यायालय, बाड़मेर

क्रमांक: 01 दिनांक: 16/06/2026

## :: विज्ञप्ति ::

बाड़मेर न्यायक्षेत्र में 02 कर्मचारी (Multitasking Support) के रिक्त पदों पर संविदा सेवाऐं निम्नानुसार ली जानी है–

| क्रं. सं. | मुख्यालय का नाम | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | बाड़मेर मुख्यालय | 01 |
| 2. | चौहटन मुख्यालय | 01 |

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय बैंच जयपुर के आदेश क्रमांक RHCB/Reg-CPC/2026/445 दिनांक 06.05.2026 की पालना में ई–सेवा केन्द्र संचालन हेतु कर्मचारियों के रिक्त पद के विरूद्ध संविदा सेवा के अन्तर्गत छः माह से एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर सेवाएं ली जानी है।

उक्त पदों पर सेवाओं के फलस्वरूप पारिश्रमिक राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित नियमों विनियमों के अनुसार देय होगा।

(1) **शैक्षणिक योग्यता एवं आयु :–** आवेदक के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम PGDCA (Post Graduate Diploma in Computer Applications) या समकक्ष डिग्री होनी चाहिए। अभ्यर्थी को अंग्रेजी व हिन्दी (Kruti Dev 010) टाईपिंग में दक्षता, कुशल गति एवं शुद्धता होनी अनिवार्य है। आवेदक की उम्र न्युन्तम 18 वर्ष हो। (अधिकतम आयु सीमा सरकारी नियमानुसार मान्य होगी)

(2) **आवेदन पत्र :–** इस पद हेतु अभ्यर्थी को आवेदन पत्र विज्ञप्ति में संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा।

(3) **परीक्षा :–** आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा तथा साक्षात्कार में सफल अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। नियमानुसार प्रशिक्षण अवधि पूर्ण करने पर उन्हें सफल घोषित किया जायेगा।



16.6.26

4) **चरित्र :–** आवेदक द्वारा दो ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों के द्वारा प्रदत्त **चरित्र प्रमाण पत्र** प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो आवेदक के रक्त सम्बन्धी न हो। ऐसे चरित्र प्रमाणपत्र **छः माह** की अवधि से अधिक पुराने नहीं होने चाहिए।

(5) **शारीरिक योग्यता :–** आवेदक को मानसिक व शारीरिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना चाहिए तथा उसमें किसी प्रकार का शारीरिक दोष जो किसी सामान्य सेवाओं के परिपालन में बाधा डालता हो, नहीं होना चाहिए।

(6) **आवेदन पत्र के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत किये जावे :–**

1) जन्म तिथि प्रमाण पत्र हेतु सैकण्डरी स्कूल परीक्षा की अंक तालिका अथवा प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति।
2) शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों (10वीं, 12वीं, स्नातक एवं PGDCA) की सत्यापित प्रति।
3) दो चरित्र प्रमाण पत्र दिनांक सहित जो छः माह से अधिक पुराने नहीं होने चाहिए।
4) आवेदन पत्र पर स्वयं का हस्ताक्षर युक्त पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो। (स्टेपल नहीं करें)
5) जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति।
6) किसी प्रकार का कोई मुकदमा लंबित नहीं होने का स्व–प्रमाणित शपथ–पत्र।
7) अनुभव प्रमाण पत्र।

(7) **आवेदन की अन्तिम तिथि :– पूर्ण भरा हुआ आवेदन पत्र मय दस्तावेज जिला एवं सेशन न्यायालय, बाड़मेर के सर्वर रूम में दिनांक 20.06.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक ही व्यक्तिगत लिये जाएंगें। इस तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। अपूर्ण आवेदन पत्र अथवा वांछित प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां अथवा आवश्यक प्रमाणपत्रों के संलग्न न होने पर अथवा अन्य किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर आवेदन पत्र को निरस्त कर दिया जावेगा एवं उस पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**

(8) **पात्रता :–** चयन करते समय यदि अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उन्हे शोर्ट लिस्टिंग कर साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा।



16.6.26

(9) **कार्य दिवस व घंटे :–** कार्य दिवस – न्यायालय के कार्य दिवस के अनुसार, कार्य के घंटे – 8 घंटे/न्यायालय द्वारा निर्देशित किए गए कार्य।

(10) **मानदेय :–** राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार चयनित कर्मचारी को उपस्थिति अनुसार प्रतिमाह 15000/– रू मानदेय देय होगा।

**(उपरोक्त भर्ती पूर्णतः अस्थायी होगी। चयनित संविदा कर्मचारी किसी प्रकार के नियमितिकरण की मांग नहीं करेंगे।)**

(11) **चयनित कर्मचारी के कर्तव्य (ड्यूटी) :–**

1) केस के स्टेटस, सुनवाई की अगली तारीख और दूसरी जानकारियों से जुड़े सवालों को संभालना।
2) सर्टिफाइड कॉपी के लिए ऑनलाइन एप्लीकेशन में मदद करना।
3) याचिकाओं की ई–फाइलिंग में मदद करना – जिसमें हार्ड कॉपी याचिकाओं को स्कैन करना, ई–सिग्नेचर जोड़ना, उन्हें CIS पर अपलोड करना और फाइलिंग नंबर जनरेट करना शामिल है।
4) ई–स्टाम्प पेपर/ई–पेमेंट की ऑनलाइन खरीद में मदद करना।
5) आधार–आधारित डिजिटल सिग्नेचर के लिए अप्लाई करने और उसे हासिल करने में मदद करना।
6) Android और iOS के लिए eCourts मोबाइल ऐप के बारे में जानकारी देना और उसे डाउनलोड करने में मदद करना।
7) जेल में रिश्तेदारों से मिलने के लिए ई–मुलाकात अपॉइंटमेंट बुक करने में मदद करना।
8) छुट्टी पर गए जजों के बारे में सवालों को संभालना।
9) लोगों को डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी, हाई कोर्ट लीगल सर्विस कमिटी और सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विस कमिटी से मुफ्त कानूनी सेवाएं लेने के तरीके के बारे में बताना।
10) वर्चुअल कोर्ट में ट्रैफिक चालान के निपटारे और ट्रैफिक चालान व अन्य छोटे–मोटे अपराधों के ऑनलाइन निपटारे (कंपाउंडिंग) में मदद करना।



16.6.25

11) वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कोर्ट की सुनवाई आयोजित करने के तरीके के बारे में बताना।

12) ईमेल, WhatsApp या किसी अन्य उपलब्ध माध्यम से न्यायिक आदेशों/फैसलों की सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराना।

**नोट :–**

01. आवेदन प्रारूप जिला एवं सेशन न्यायालय, बाड़मेर के सर्वर रूम व जिला एवं सेशन न्यायालय, बाड़मेर की वेबसाईट https://barmer.dcourts.gov.in/notice-category/recruitments/ से आवेदन पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कर सकता है।

02. आवेदन कर्ता संलग्न निर्धारित प्रारूप में आवेदन मय आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कर जिला एवं सेशन न्यायालय, बाड़मेर के सर्वर रूम में व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत करेंगे।

**अध्यक्ष**

16.12.25

जिला स्तरीय कम्प्यूटर कमेटी

(अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 02)

बाड़मेर।

# जिला एवं सेशन न्यायालय, बाड़मेर

क्रमांकः 5748/05772 दिनांकः 16/06/26

विज्ञप्ति की प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैंः

1) श्रीमान् रजिस्ट्रार कम सी. पी. सी., राजस्थान उच्च न्यायालय, बैंच जयपुर को उनके पत्रांक RHCB/Reg-CPC/2026/445 दिनांक 06.05.2026 के क्रम में।
2) समस्त पीठासीन अधिकारी गण, बाड़मेर न्यायक्षेत्र को न्यायालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
3) सहायक निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय, बाड़मेर।
4) सीनियर मुंसरिम, न्यायालय हाजा।
5) सिस्टम ऑफिसर, न्यायालय हाजा (विज्ञप्ति मय प्रारूप न्यायालय की रजिस्टर्ड वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत्)
6) रक्षित पत्रावली।

अध्यक्ष

16.6.26

जिला स्तरीय कम्प्यूटर कमेटी

(अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 02)

बाड़मेर।

# जिला एवं सेशन न्यायालय, बाड़मेर

## संविदा कर्मचारी के लिए चयन हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर युक्त नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटो

1. आवेदक का नाम : .....
2. पिता का नाम : .....
3. विवाहित आवेदक के पति/पत्नी का नाम : .....
4. जाति एवं लिंग : .....
5. वर्ग : .....
6. स्थायी पता : .....

.....

.....

7. वर्तमान पता : .....

.....

.....

8. मोबाईल नम्बर : .....
9. ई–मेल आईडी : .....
10. पुलिस स्टेशन : ..... पंचायत समिति : .....

ग्राम पंचायतः .....

9. जन्मतिथि (अंकों में) : ..... वर्तमान आयु (वर्षों में) : .....
10. शैक्षणिक योग्यता : .....
11. आवेदक के विरूद्ध कोई फौजदारी प्रकरण लंबित है अथवा नहीं (यदि है) :

.....

12. राष्ट्रीयता : .....
13. आवेदक वर्तमान में किसी संस्था या किसी भी ग्रुप से जुड़ा है तो उसका विवरण लिखें :

.....

(आवेदक के हस्ताक्षर मय दिनांक)

मैं ..... सत्यापित करता/करती हूँ कि प्रार्थना पत्र में अंकित उपरोक्त सभी तथ्य मेरी निजी जानकारी में सत्य है ।

दिनांक :

(आवेदक के हस्ताक्षर )

# जिला एवं सेशन न्यायालय, बाड़मेर

## अण्डर टेकिंग

मैं.....

पुत्र / पुत्री / पत्नी.....

जाति.....

निवासी.....का हूं। मैं किसी भी राजनैतिक संस्था एवं वकालत क्षेत्र से जुड़ा हुआ नहीं हूं। यदि जांच करने पर गलत पाया जाये तो मेरी Multitasking Support की नियुक्ति स्वतः निरस्त समझी जायेगी। मुझे सुपुर्द किये गये कार्य में लापरवाही पाये जाने पर एवं अन्य कारणों से कभी भी मुझे बिना नोटिस दिये हटाया जा सकेगा, जिसके लिए मैं कोई आपत्ति नहीं करूंगा। यह अण्डरटेकिंग मैंने सोच समझकर दी हैं।

दिनांक.....

स्थान.....  आवेदक के हस्ताक्षर